**Series A6BAB/C** **SET~3**

प्रश्न-पत्र कोड Q.P. Code **61/6/3**

रोल नं.
Roll No.

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

**नोट / NOTE :**

(i) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **9 + 1** मानचित्र हैं ।
Please check that this question paper contains **9** printed pages + **1** Map.

(ii) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(iii) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **10** प्रश्न हैं ।
Please check that this question paper contains **10** questions.

(iv) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
**Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.**

(v) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# इतिहास

# HISTORY

*निर्धारित समय : 2 घण्टे* *अधिकतम अंक : 40*

*Time allowed : 2 hours* *Maximum Marks : 40*

*सामान्य निर्देश :*

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से पालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में* ***10*** *प्रश्न हैं ।*

*(ii)* *यह प्रश्न-पत्र* **चार** *खण्डों में विभाजित है –* ***खण्ड क, ख, ग*** *और* ***घ*** *।*

*(iii)* ***सभी*** *प्रश्न अनिवार्य हैं । प्रत्येक प्रश्न के सामने निर्धारित अंक दिए गए हैं ।*

*(iv)* ***खण्ड क*** *– प्रश्न संख्या* ***1*** *से* ***4*** *तक लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न* ***3*** *अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* ***80*** *शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए ।*

*(v)* ***खण्ड ख*** *– प्रश्न संख्या* ***5*** *से* ***7*** *तक दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न* ***6*** *अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* ***150 – 200*** *शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए ।*

*(vi)* ***खण्ड ग*** *– प्रश्न संख्या* ***8*** *और* ***9*** *केस-आधारित प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न, उप-प्रश्नों के साथ* ***4*** *अंकों का है ।*

*(vii)* ***खण्ड घ*** *– प्रश्न संख्या* ***10*** *मानचित्र-आधारित प्रश्न है, जो* ***2*** *अंकों का है ।*

*(viii)* *प्रश्न-पत्र में समग्र पर कोई विकल्प नहीं है, फिर भी, कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं । ऐसे विकल्पीय प्रश्नों में से केवल एक प्रश्न का ही उत्तर लिखना है ।*

## खण्ड क

**(लघु-उत्तरीय प्रश्न)** *4×3=12*

**1.** भारत की संविधान सभा में डॉ. बी.आर. अम्बेडकर की भूमिका को स्पष्ट कीजिए । *3*

**2.** (क) लॉर्ड वेलेज़ली द्वारा तैयार की गई 'सहायक संधि व्यवस्था' का समालोचनात्मक विश्लेषण कीजिए । *3*

**अथवा**

(ख) 1857 के विद्रोहियों ने किस प्रकार अपने विचारों का प्रसार किया ? परख कीजिए । *3*

**3.** 'इस्तमरारी बंदोबस्त व्यवस्था' में जोतदारों ने ज़मींदारों के अधिकारों को कैसे कमजोर कर दिया ? व्याख्या कीजिए । *3*

**4.** भारत की संविधान सभा में जवाहरलाल नेहरू की भूमिका का वर्णन कीजिए । *3*

## खण्ड ख

**(दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न)** *3×6=18*

**5.** "उत्तर भारत में फैली अफवाहों और भविष्यवाणियों ने 1857 के विद्रोह में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई ।" उपयुक्त उदाहरणों के साथ कथन की व्याख्या कीजिए । *6*

***General Instructions :***

*Read the following instructions very carefully and strictly follow them :*

*(i)* *This question paper contains **10** questions.*

*(ii)* *This question paper is divided into **four** sections — **Section A**, **B**, **C** and **D**.*

*(iii)* ***All** questions are compulsory. Marks have been given against each question.*

*(iv)* ***Section A** – Questions no. **1** to **4** are Short-Answer Type Questions, carrying **3** marks each. Answer to each question should not exceed **80** words.*

*(v)* ***Section B** – Questions no. **5** to **7** are Long-Answer Type Questions, carrying **6** marks each. Answer to each question should not exceed **150 – 200** words.*

*(vi)* ***Section C** – Questions no. **8** and **9** are Case-based Questions, carrying **4** marks each with subparts.*

*(vii)* ***Section D** – Question no. **10** is Map-based Question, carrying **2** marks.*

*(viii)* *There is no overall choice in the question paper. However, an internal choice has been provided in a few questions. Only one of the choices in such questions have to be attempted.*

## SECTION A

**(Short-Answer Type Questions)** *4×3=12*

**1.** Explain the role of Dr. B.R. Ambedkar in the Constituent Assembly of India. *3*

**2.** (a) Critically analyse the 'Subsidiary Alliance System' devised by Lord Wellesley. *3*

**OR**

(b) Examine how the rebels of 1857 propagated their ideas. *3*

**3.** How did Jotedars weaken the authority of Zamindars in the 'Permanent Settlement System' ? Explain. *3*

**4.** Describe the role of Jawaharlal Nehru in the Constituent Assembly of India. *3*

## SECTION B

**(Long-Answer Type Questions)** *3×6=18*

**5.** "Rumours and prophesies circulated in North India played an important role in the Revolt of 1857." Elucidate the statement with suitable examples. *6*

**6.** (क) "ऐसे विभिन्न प्रकार के स्रोत हैं, जिनका उपयोग इतिहासकार महात्मा गाँधी के जीवनवृत्त और उन सामाजिक आंदोलनों के पुनर्निर्माण में करते हैं जिनसे वह जुड़े थे ।" उपयुक्त उदाहरणों के साथ कथन को स्पष्ट कीजिए । *6*

**अथवा**

(ख) "असहयोग आंदोलन स्वशासन के लिए एक प्रशिक्षण था ।" उपयुक्त उदाहरणों के साथ इस कथन को स्पष्ट कीजिए । *6*

**7.** (क) मुगल प्रांतीय प्रशासन की मुख्य विशेषताओं का वर्णन कीजिए । *6*

**अथवा**

(ख) मुगलों के शाही घराने की मुख्य विशेषताओं का वर्णन कीजिए । *6*

## खण्ड ग

### (केस-आधारित प्रश्न) *2×4=8*

**8.** नीचे दिए गए स्रोत को ध्यानपूर्वक पढ़िए और इसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *1+2+1=4*

### एक नए युग की शुरुआत

भारतीय संविधान 26 जनवरी, 1950 को अस्तित्व में आया और यह दुनिया का सबसे लंबा संविधान है । यदि हम अपने देश के आकार और विविधता पर ध्यान दें तो इसकी लंबाई व पेचीदगी को आसानी से समझ सकते हैं । स्वतंत्रता के समय भारत न केवल एक विशाल और विविधतापूर्ण बल्कि गहरे तौर पर बिखरा हुआ देश भी था । ऐसे में देश की एकजुटता और प्रगति के लिए एक विस्तृत, गहन विचार-विमर्श पर आधारित और सावधानीपूर्वक सूत्रबद्ध किया गया संविधान लाज़िमी था । हमारे संविधान ने अतीत और वर्तमान के घावों पर मरहम लगाने और विभिन्न वर्गों, जातियों व समुदायों में बँटे भारतीयों को एक साझा राजनीतिक प्रयोग में शामिल करने में मदद दी है । दूसरी ओर, इस संविधान ने लंबे समय से चली आ रही ऊँच-नीच और अधीनता की संस्कृति में लोकतांत्रिक संस्थानों को विकसित करने का भी प्रयास किया है ।

भारत के संविधान को दिसंबर, 1946 से दिसंबर, 1949 के बीच सूत्रबद्ध किया गया । इस दौरान भारत की संविधान सभा में इसके मसविदे के एक-एक भाग पर लंबी चर्चाएँ चलीं । संविधान सभा के कुल 11 सत्र हुए जिनमें 165 दिन बैठकों में गए । सत्रों के बीच विभिन्न समितियाँ और उपसमितियाँ मसविदे को सुधारने और सँवारने का काम करती थीं ।

(8.1) देश की एकजुटता के लिए भारतीय संविधान को किस प्रकार सूत्रबद्ध किया गया ? *1*

(8.2) संविधान सभा के सदस्यों ने केन्द्रीकरण को क्यों आवश्यक माना ? *2*

(8.3) किस सभा द्वारा भारतीय संविधान का स्वरूप तय किया गया ? *1*

6. (a) "There are different kinds of sources that historians use in reconstructing the career of Mahatma Gandhi and of the social movements that he associated with." Elucidate the statement with suitable examples. *6*

**OR**

(b) "The Non-Cooperation Movement was a training for self-rule." Elucidate the statement with suitable examples. *6*

7. (a) Describe the main features of the Mughal provincial administration. *6*

**OR**

(b) Describe the main features of the Mughal imperial household. *6*

## SECTION C

### (Case-Based Questions) *2×4=8*

8. Read the source given below carefully and answer the questions that follow : *1+2+1=4*

**The beginning of a new era**

The Indian Constitution, which came into effect on 26th January, 1950, has the distinction of being the longest in the world. Its length and complexity are perhaps understandable when one considers the country's size and diversity. At Independence, India was not merely large and diverse, but also deeply divided. A Constitution designed to keep the country together, and to take it forward, had necessarily to be an elaborate, carefully-worked-out, and painstakingly drafted document. For one thing, it sought to heal wounds of the past and the present, to make Indians of different classes, castes and communities come together in a shared political experiment. For another, it sought to nurture democratic institutions in what had long been a culture of hierarchy and deference.

The Constitution of India was framed between December, 1946 and December, 1949. During this time its drafts were discussed clause by clause in the Constituent Assembly of India. In all, the Assembly held eleven sessions, with sittings spread over 165 days. In between the sessions, the work of revising and refining the drafts was carried out by various committees and sub-committees.

(8.1) How was the Indian Constitution designed to keep the country together ? *1*

(8.2) Why was Centralisation considered necessary by the members of the Constituent Assembly ? *2*

(8.3) Which Assembly shaped the vision of the Indian Constitution ? *1*

**9.** नीचे दिए गए स्रोत को ध्यानपूर्वक पढ़िए और इसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *1+2+1=4*

### रत्नजड़ित सिंहासन

आगरा महल के सार्वजनिक सभा भवन में रखे शाहजहाँ के रत्नजड़ित सिंहासन *(तख़्त-ए-मुरस्सा)* के बारे में *बादशाहनामा* में लिखा है :

> सिंहासन की भव्य संरचना में एक छतरी है जो द्वादशकोणीय स्तंभों पर टिकी हुई है । इसकी ऊँचाई सीढ़ियों से गुंबद तक पाँच क्यूबिट (लगभग 10 फुट) है । अपने राज्यारोहण के समय महामहिम ने यह आदेश दिया कि 86 लाख रुपए के रत्न तथा बहुमूल्य पत्थर और एक लाख तोला सोना जिसकी कीमत चौदह लाख रुपए है, से इसे सजाया जाना चाहिए । सिंहासन की साज-सज्जा में सात वर्ष लग गए । इसकी सजावट में प्रयुक्त हुए बहुमूल्य पत्थरों में रूबी था जिसकी कीमत एक लाख रुपए थी और जिसे शाह अब्बास सफ़ावी ने दिवंगत बादशाह जहाँगीर को भेजा था । इस रूबी पर महान बादशाह तिमूर साहिब-ए किरान, मिर्ज़ा शाहरूख, मिर्ज़ा उलुग बेग और शाह अब्बास के साथ-साथ अकबर, जहाँगीर और स्वयं महामहिम के नाम अंकित थे ।

(9.1) अबुल हमीद लाहौरी ने किस स्रोत से रत्नजड़ित सिंहासन पर प्रकाश डाला ? *1*

(9.2) सिंहासन पर योगदानकर्ताओं के नाम किस प्रकार चित्रित थे ? *2*

(9.3) रत्नजड़ित सिंहासन कारीगरों के अतुलनीय कौशल का उदाहरण किस प्रकार था ? *1*

### खण्ड घ

### (मानचित्र-आधारित प्रश्न) *1+1=2*

**10.** (10.1) **भारत** के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 11 पर), में निम्नलिखित में से किसी ***एक*** को उपयुक्त चिह्न के साथ अंकित कीजिए और नाम लिखिए :

(क) वह राज्य जहाँ जलियाँवाला बाग घटना घटित हुई थी । *1*

**अथवा**

(ख) वह स्थान जहाँ गाँधीजी ने नील की खेती करने वाले किसानों के लिए सत्याग्रह शुरू किया था । *1*

(10.2) **भारत** के इसी राजनीतिक रेखा-मानचित्र पर मुगलों के राजधानी नगर से संबंधित एक स्थान को 'A' के रूप में अंकित किया गया है । इसकी पहचान कीजिए और इसके निकट खींची गई रेखा पर इसका नाम लिखिए । *1*

**9.** Read the source given below carefully and answer the questions that follow : *1+2+1=4*

**The jewelled throne**

This is how Shah Jahan's jewelled throne *(takht-i murassa)* in the hall of public audience in the Agra palace is described in the *Badshah Nama* :

> This gorgeous structure has a canopy supported by twelve-sided pillars and measures five cubits in height from the flight of steps to the overhanging dome. On His Majesty's coronation, he had commanded that 86 lakh worth of gems and precious stones, and one lakh *tolas* of gold worth another 14 lakh, should be used in decorating it. ... The throne was completed in the course of seven years, and among the precious stones used upon it was a ruby worth one lakh of rupees that Shah Abbas Safavi had sent to the late emperor Jahangir. And on this ruby were inscribed the names of the great emperors Timur Sahib-i qiran, Mirza Shahrukh, Mirza Ulugh Beg, and Shah Abbas as well as the names of the emperors Akbar, Jahangir, and that of His Majesty himself.

(9.1) In which source did Abul Hamid Lahori highlight the jewelled throne ? *1*

(9.2) How were the names of contributors depicted on the throne ? *2*

(9.3) How was the jewelled throne an example of the matchless skill of the artisans ? *1*

## SECTION D
## (Map-Based Question) *1+1=2*

**10.** (10.1) On the given political outline map of **India** (on page 11), locate and label any ***one*** of the following with appropriate symbol :

(a) The State where Jallianwala Bagh event took place. *1*

**OR**

(b) The place where Gandhiji started Satyagraha for the indigo planters. *1*

(10.2) On the same political outline map of **India**, a place related to the capital city of the Mughals is marked as 'A'. Identify it and write its name on the line drawn near it. *1*

**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल* ***दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों*** *के लिए प्र. सं. 10 के स्थान पर हैं :*

(10.1) मुगल साम्राज्य के अधीन किसी एक क्षेत्र का नाम लिखिए । *1*

(10.2) (क) 1857 के विद्रोह के किसी एक केन्द्र का उल्लेख कीजिए । *1*

**अथवा**

(ख) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ गाँधीजी ने नील की खेती करने वाले किसानों के लिए सत्याग्रह शुरू किया था । *1*

***Note :*** *The following questions are for the* ***Visually Impaired Candidates,*** *only in lieu of Q. No. 10 :*

(10.1) Name any one area under the control of the Mughal Empire. *1*

(10.2) (a) Mention any one centre of the Revolt of 1857. *1*

**OR**

(b) Name the State where Gandhiji started Satyagraha for the indigo planters. *1*

प्रश्न सं. 10 के लिए

For question no. 10

भारत का रेखा-मानचित्र (राजनीतिक)

**Outline Map of India (Political)**

